Rapid Fire 27 December

- **25 दिसंबर:** सुशासन दिवस; पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है स्वशासन दिवस; पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना है सुशासन दिवस का उद्देश्य; इसके अलावा सरकार की प्रतिबद्धताओं से आम जनता को अवगत कराना भी सुशासन दिवस के लक्ष्यों में है शामिल; 2014 में हुई थी सुशासन दिवस मनाने की शुरुआत
- देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर 23 दिसंबर को मनाया गया 'किसान दिवस'; 2001 में सरकार ने 23 दिसंबर को बतौर किसान दिवस मनाने की घोषणा की थी; देश के पाँचवें प्रधानमंत्री थे चौधरी चरण सिंह; 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक रहा उनका कार्यकाल
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर को किया देश के सबसे लंबे रेल-सड़क पुल का उद्घाटन; असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील में बना 4.94 किलोमीटर लंबा यह पुल सामरिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है; 1997-98 में अनुशंसित किया गया यह पुल असम समझौते का हिस्सा रहा है; यह पुल भारतीय सेना के लिये सीमा तक आवागमन में मदद करेगा; असम और अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तर और दक्षिण तट के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करेगा बोगीबील पुल; असम में डिब्रूगढ़ शहर से 17 किमी. दूर बने इस पुल में तीन लेन की सड़कें और दोहरा ब्रॉड गेज ट्रैक है
- विजया और देना बैंकों के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय की तैयारी; अनिवार्य प्रक्रिया के तहत विलय योजना को संसद में प्रस्तुत किया जाएगा; सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में और पूंजी डालने के लिये कोष उपलब्ध करा रही है; पिछले साल सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक में उसके पाँच सहयोगी बैंकों और भारतीय महिला बैंक का विलय किया था; इसके बाद दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में शामिल हो गया स्टेट बैंक
- तमिलनाडु के तिरुवाइयरू में केंद्र सरकार की सहायता से स्थापित होगा देश का पहला संगीत संग्रहालय; कर्नाटक संगीत के धुरंधर माने जाने वाले संत त्यागराज का जन्म स्थान है तिरुवाइयरू
- केंद्रीय विद्युत मंत्रालय 1 अप्रैल 2019 से देश में बिजली के सभी मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की करेगा शुरुआत; 3 वर्षों में पूरा किया जाएगा यह काम; सभी राज्य सरकारें 'सभी के लिये बिजली' दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं; इसके तहत अपने उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने पर जताई थी सहमति; स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को एक ही बार में पूरे महीने के बिल की अदायगी नहीं करनी पड़ती; वे अपनी ज़रूरतों के हिसाब से भुगतान कर सकते हैं; इससे बिल अदायगी में सुविधा होगी और कागज़ों में बिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी
- ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह पर भारत को मिला कामकाज का नियंत्रण; भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड के कार्यालय ने शाहिद बहिश्ती बंदरगाह पर काम करना शुरू कर दिया; कंपनी को यह बंदरगाह फिलहाल 18 महीने के लिये लीज़ पर दिया गया है, जिसे बाद में 10 वर्ष के लिये आगे बढ़ा दिया जाएगा; चाबहार में 24 दिसंबर को ईरान-भारत और अफगानिस्तान के बीच हुई अधिकारी स्तर की त्रिपक्षीय बैठक में जल्द ही त्रिपक्षीय ट्रांजिट समझौते को भी लागू करने पर बनी सहमति; तीनों देश इसके लिये ट्रांजिट, सड़क, सीमा-शुल्क आदि मुद्दों पर तालमेल कर प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने पर हुए सहमत
- ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के शोधकर्त्ताओं द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन की वज़ह से वैश्विक जलापूर्ति में आ रही है कमी; 160 देशों के 43 हज़ार वर्षा केंद्रों और 5300 नदी निगरानी स्थलों के आँकड़ों का विश्लेषण करके निकाला गया है यह निष्कर्ष; जलग्रहण क्षेत्र में मिट्टी में नमी कम होने की वज़ह से नदियों में पानी कम जाता है, क्योंकि अधिकांश पानी मिट्टी सोख लेती है
- अमेरिका में पैट्रिक शनाहन को नया रक्षा सचिव नियुक्त किया गया; सीरिया से सेना वापस बुलाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के विरोध में वर्तमान रक्षा सचिव जेम्स मैटिस ने दे दिया है इस्तीफा; इससे पहले उप रक्षा सचिव रह चुके पैट्रिक शनाहन 1 जनवरी को संभालेंगे पदभार
- बुरुंडी की सरकार ने गितेगा (Gitega) को अपनी नई राजधानी घोषित किया है; बुरुंडी एक अल्प-विकसित अफ्रीकी देश है, जिसके पूर्व और दक्षिण में तंज़ानिया, उत्तर में रवांडा और पश्चिम में कांगो है; इससे पहले तांगानिका झील के किनारे स्थित बुजुम्बरा थी बुरुंडी की राजधानी; अब कॉमर्शियल कैपिटल के तौर पर काम करेगी बुजुम्बरा
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर को शुरू हुआ तीसरा टेस्ट मैच; ऑस्ट्रेलिया में किसी भी क्रिकेट टीम के दौरे में मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को कहा जाता है 'बॉक्सिंग-डे टेस्ट'; क्रिसमस के अगले दिन को कहा जाता है बॉक्सिंग-डे; ब्रिटेन, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में बॉक्सिंग-डे के दिन होता है सार्वजनिक अवकाश
- रियल मैड्रिड ने UAE के क्लब अल ऐन को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी बार और रिकॉर्ड चौथी बार क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीता; अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए इस मैच में बैलन डी'ओर (Ballon d'Or) पुरस्कार विजेता लुका मोड्रिच ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया; यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने सातवीं बार क्लब विश्व कप खिताब जीता है; सेमीफाइनल में हैट्रिक लगाने वाले फॉरवर्ड खिलाड़ी गैरेथ बेल को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-26-12-2018